# कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,(I.T.D.A) पाकुड़।

(अ0ज0जा0, अ0जा0, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

## आम सूचना

पाकुड़ जिला के प्रखण्ड–लिट्टीपाड़ा एवं पाकुड़िया में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का सफल संचालन हेतु तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है, जिसके लिये स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, कला/क्राफ्ट शिक्षक, शारीरिक शिक्षक (महिला/पुरूष) एवं हॉस्टल वार्डन का चयन के लिए पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र, सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्र की स्वः अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज फोटो (स्वः अभिप्रमाणित) के साथ विहित प्रपत्र में दिनांक–10.06.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक केवल निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से सशर्त आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन हेतु प्रपत्र पाकुड़ जिला के वेबसाईट **pakur.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

1. आवेदन प्राप्ति की तिथि :–10.06.2026 के अपराह्न बजे तक।
2. चल साक्षात्कार (Walk in Interview/Skill Test) की संभावित तिथि :– 22.06.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. पत्राचार एवं साक्षात्कार का पता :– कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, पाकुड़, पोस्ट पाकुड़, पिन कोड–816107 (SBI पाकुड़ मुख्य शाखा के बगल में)

26/5/26

परियोजना निदेशक,<br>आई0टी0डी0ए0<br>–सह–<br>जिला कल्याण पदाधिकारी<br>पाकुड़।

ज्ञापांक 1043 /स0ज0वि0अभि0, पाकुड़ दिनांक 26.05.2026

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, पाकुड़ को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि उपरोक्त सूचना को सभी दैनिक प्रमुख सामाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु आवश्यक कारवाई करना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, पाकुड़ को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ प्रेषित। निदेश है कि विज्ञापन एवं सभी सूचना पाकुड़ जिला के वेबसाईट pakur.nic.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– उपायुक्त, पाकुड़ को सादर सूचनार्थ।

26/5/26

परियोजना निदेशक,<br>आई0टी0डी0ए0<br>–सह–<br>जिला कल्याण पदाधिकारी<br>पाकुड़।

# कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण,(I.T.D.A) पाकुड़।

(अ0ज0जा0,अ0जा0,अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

## EMRS में अतिथि शिक्षक हेतु सूचना

पाकुड़ जिला में दो एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुमारभाजा, प्रखण्ड– लिट्टीपाड़ा एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, राजबाड़ी, प्रखण्ड– पाकुड़िया का सफल संचालन हेतु तत्कालीन रूप से अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था किया जाना है, जिसके लिये निम्नांकित पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

विद्यालयवार एवं विषयवार रिक्त पद की विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | पद का नाम | विद्यालय का नाम | | कुल पद की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| | | EMRS, Kumarbhaja, Littipara | EMRS, Rajbari, Pakuria | |
| 1 | TGT SOCIAL SCIENCE | 1 | 1 | 2 |
| 2 | TGT SCIENCE | 1 | 1 | 2 |
| 3 | TGT MATHEMATICS | 1 | 1 | 2 |
| 4 | TGT MUSIC | 1 | 1 | 2 |
| 5 | TGT COMPUTER | 1 | 1 | 2 |
| 6 | TGT SANTHALI | 1 | 1 | 2 |
| 7 | TGT SANSKRIT | 1 | 1 | 2 |
| 8 | HOSTEL WARDEN FEMALE | 1 | 02 (1-Male&1-Female) | 3 |
| 9 | TGT PET | - | 02 (1-Male&1-Female) | 2 |
| 10 | TGT ART & CRAFTS | - | 1 | 1 |
| | कुल योग :– | 08 | 12 | 20 |

1. स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–
   - ➢ संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से न्युनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ चार वर्षीय एकीकृत स्नातक बी0एड0 अथवा संबंधित विषय में तीन वर्षीय स्नातक ऑनर्स की डीग्री एवं बी0एड0।
   - ➢ CBSE द्वारा आयोजित CTET पत्र–2 (कक्षा VI-VIII) उत्तीर्णता आवश्यक है। CTET उत्तीर्ण अभ्यर्थी नही मिलने पर STET उत्तीर्ण अभ्यर्थी पर भी विचार किया जा सकता है।
2. <u>कला/क्राफ्ट शिक्षक हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–</u>
   - ➢ मान्यता प्राप्त संस्थान से शारीरिक शिक्षा में स्नातक उत्तीर्णता आवश्यक है।
3. शारीरिक शिक्षक हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता :–
   - ➢ मान्यता प्राप्त संस्थान से शारीरिक शिक्षा में स्नातक उत्तीर्णता आवश्यक है।
4. संगीत शिक्षक/शिक्षिकाओं हेतु आवश्यक योग्यता :–
   - ➢ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातक अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड से वर्ग 10 उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से संगीत में DIPLOMA (संगीत प्रभाकर) या मान्यता प्राप्त संस्थान से संगीत में DIPLOMA (संगीत विशारद)

<u>आयु सीमा :–</u>

- न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु 60 वर्ष होना चाहिए।
- राज्य सरकार/KVS/NVS/मान्यता प्राप्त CBSE स्कूलों से सेवानिवृत शिक्षक भी आवेदन कर सकते है। सेवानिवृत शिक्षकों के लिये अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। बशर्ते की वे आवासीय विद्यालय में कार्य करने के लिये शारीरिक रूप से स्वस्थ हों।

<u>आवेदन प्रक्रिया :–</u>

- आवेदन पत्र Nic Pakur की वेबसाईट pakur.nic.in पर उपलब्ध है। आवेदक वेबसाईट से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। किसी अन्य प्रारूप में आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

- आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ होना आवश्यक है। आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक, अन्य प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण–पत्रों की स्वः अभिप्रमाणित प्रति निबंधित/स्पीड पोस्ट के माध्यम से परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, पाकुड़ के कार्यालय में दिनांक–10.06.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा। उक्त तिथि के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**चयन प्रक्रिया :–**

- प्राप्त आवेदन के आलोक में योग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार किया जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा चल साक्षात्कार (Walk in Interview/Skill Test) के आधार पर किया जायेगा।
- साक्षात्कार हेतु चयनित आवेदकों को साक्षात्कार का तिथि एवं समय अलग से संसूचित किया जायेगा।

**अन्य शर्तें :–**

- अतिथि शिक्षकों को चालू शैक्षणिक सत्र में दिनांक–31 मार्च 2027 तक अथवा नियमित शिक्षक के कार्यभार ग्रहण करने तक, जो भी पहले हो, के लिये अस्थायी रूप से ही नियुक्त किया जायेगा। इसके बाद कोई दावा मान्य नहीं होगा।
- यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगा। अतिथि शिक्षक इस नियुक्ति के आधार पर अपने सेवाओं के नियमितीकरण का दावा नहीं कर सकते हैं।
- अतिथि शिक्षकों का कार्य समय नियमित शिक्षकों के समान होगा। चूँकि EMRS एक आवासीय विद्यालय है इसलिये अतिथि शिक्षकों को विद्यालय और छात्रों की आवश्यकतानुसार उपलब्ध रहना होगा।
- अतिथि शिक्षकों का मानदेय का भुगतान NESTS/ State EMRS Society द्वारा स्वीकृत राशि के अनुसार प्रति घंटी के आधार पर नियमानुसार किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई दावा मान्य नहीं होगा।
- चयनित अतिथि शिक्षक को 15 दिनों के अन्दर विद्यालय में योगदान करना होगा। अन्यथा प्रतीक्षा सूची से अध्यापन कार्य हेतु शिक्षकों का चयन कर लिया जायेगा। इसके बाद कोई दावा मान्य नहीं होगा।
- केन्द्र सरकार/राज्य सरकार एवं NESTS द्वारा घोषित अवकाश के अलावे कोई अवकाश देय नहीं होगा।
- अतिथि शिक्षकों का अध्यापन कार्य के अतिरिक्त पाठ्य सहगामी क्रियाओं में भी सहभागिता अनिवार्य होगी। इसके लिये अलग से राशि का दावा नहीं करना होगा। साथ ही संस्था प्रमुख के द्वारा दिये जाने वाले निर्देशों का अनुपालन करना होगा।
- चयनित शिक्षकों को एकरारनामा करना होगा तथा एकरारनामा के शर्तों के विचलन की स्थिति में या असंतोषप्रद कार्य की स्थिति में बिना किसी पूर्व सूचना के चयनित शिक्षकों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकती है। यह व्यवस्था पूर्णतः वैकल्पिक एवं अस्थायी है।
- अतिथि शिक्षकों के लिये विद्यालय चयन का अधिकार जिला स्तरीय समिति के पास सुरक्षित होगा।
- किसी भी विवाद की स्थिति में संस्था प्रमुख अथवा जिला स्तरीय समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
- NESTS द्वारा अतिथि शिक्षकों का चयन हेतु निर्गत दिशा निर्देश की प्रति संलग्न है।
- नियुक्ति प्रक्रिया में अगर किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होती है तो, उत्पन्न विवादों का निपटारा पाकुड़ न्यायालय अन्तर्गत होगा।
- इस विज्ञापन में किसी प्रकार का संशोधन/रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

26/5/26

परियोजना निदेशक,<br>
आई0टी0डी0ए0<br>
–सह–<br>
जिला कल्याण पदाधिकारी<br>
पाकुड़।

# EKALAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL, DIST- PAKUR

## APPLICATION FORM FOR GUEST TEACHER

Registration No. (For Office Use) ........................

**Applied for post :-** ____________________

Please paste a recent passport size color photograph Self Attested

School preference (mark 1, 2, 3 according to your preference)

EMRS, Kumarbhaja, Littipara ☐

EMRS, Rajbari, Pakuria ☐

1. Name (Block Letters) : ..........................................................................................
2. Father's/Husband's name : ..........................................................................................
3. Date of Birth :- .........................., Gender :- ......................., Married/Un married :- ......................,
4. Category :- (ST/SC/OBC/GEN) ..........................
5. Postal Address :- ..........................................................................................
   District : .........................................., State :- .........................................., PIN :- ..........................................
6. Permanent Address :- ..........................................................................................
   District : .........................................., State :- .........................................., PIN :- ..........................................
7. Phone/ Mobile No. - .........................................., Whatsapp No. ..........................Email id : ..........................................
8. **Educational qualification :-** (Starting from secondary school onwards)

| Sl. No. | EXAM PASSED | School /College | Board/ University | Subjects | Year of passing | Total Marks | Marks Obtained | % Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |

9. Computer Knowledge :-

(a) Have you done any degree/ diploma in computer give details ..........................................................................................

(b) Any experience on working on computer ..........................................................................................

**10. Whether CTET Paper-II (Class-6 to 8) Qualified or Not? (Write YES / NO) :**..........................................

**11. Work Experience:**

| Sl. No. | Name of school/ institute | Address | Working Experience | | | Subjects Taught with Class |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | From | To | Total Duration | |
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3. | | | | | | |
| 4. | | | | | | |
| 5. | | | | | | |

Additional Information: ..........................................................................................................................

..........................................................................................................................................................

## घोषणा

मैं ......................................................., पिता / पति– ........................................................... एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि उपर दिए गए विवरणी मेरी जानकारी के अनुसार सत्य है और यदि वे झूठे पाये जाते हैं, तो मेरे विरूद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जा सकती है और मुझे पद के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

मैंने सभी नियम एवं शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है और उसका पालन करने के लिए सहमत हूँ। मैं यह भी समझता / समक्षती हूँ कि मेरी नियुक्ति अस्थायी है और विभाग के पास किसी भी समय मेरे नियुक्ति समाप्त करने का पूरा अधिकार है।

मैं घोषणा करता / करती हूँ कि मैं किसी कानूनी / अनुशासनात्मक मामले में शामिल नहीं हूँ तथा आज की तिथि तक मेरे विरूद्ध किसी भी न्यायालय में कोई मामला लंबित नहीं है।

Date: ...............................

आवेदक का हस्ताक्षर

Place: ...............................

## Instructions for candidates :-

1. Please download and print the application form

2. Read all the instructions and fill the application form completely.

3. Send the filled application form through Registered / Speed Post before ............ to Project Director, ITDA Office, Pakur, Pin Code- 816107 with self attested copy of all educational and experience certificates.